दिनांक–15.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- 78वां स्वतंत्रता दिवस आज उल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले पर राष्ट्रध्वज फहराकर देष को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में ध्वजारोहण कर प्रदेष की जनता के नाम संदेष देंगे।
- राज्य पुलिस के 12 अधिकारियों और कर्मचारियों को वीरता पदक से सम्मानित करने की घोषणा।
- तवा जलाषय को रामसर साइट के रूप में मान्यता मिली।

स्वतंत्रता दिवस–देष

देष आज 78वां स्वतंत्रता दिवस उल्लास के साथ मना रहा है। इस मौके पर जगह–जगह राष्ट्र ध्वज फहराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस का विषय विकसित भारत ऐट 2047 है। इस अवसर पर लाल किले पर आयोजित समारोह देखने के लिए लगभग छह हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। युवाओं, आदिवासी समुदाय, किसानों, महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को आमंत्रित किया गया है। हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल को भी समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। माईगोव और आकाशवाणी के सहयोग से रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता भी समारोह का हिस्सा होंगे। समारोह में देश भर के विभिन्न स्कूलों से कुल दो हजार कैडेट भी भाग लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस–प्रदेष

प्रदेष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी भोपाल में लाल परेड मैदान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. यादव प्रात: 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड सलामी लेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय धुन एवं परेड निरीक्षण होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जनता को संदेश दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना उप–मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में, उप – मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सागर में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इंदौर में मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी ग्राउण्ड पर आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 14 दल परेड में हिस्सा ले रहे हैं। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रंगारंग प्रस्तुतियां भी होगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में प्रशासनिक न्यायाधीश एस.ए. धर्माधिकारी ध्वजारोहण करेंगे।

## प्रधानमंत्री–हर घर तिरंगा

प्रधानममंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा अभियान पूरे भारत में लोकप्रिय हो चुका है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह तिरंगा के प्रति एक सौ 40 करोड भारतवासियों के गहरे सम्माान को दर्शाता है। उन्होंने तमिलनाडु में रामेश्व्रम के निकट मंडपम के भारतीय तट रक्षक केंद्र पर हर घर तिरंगा अभियान समारोह की झलकियां अमृत महोत्सव हैंडल एक्स् पर साझा करते हुए यह बात कही। प्रदेष में भी लोगों ने घरों पर तिरंगा फहराया है। वहीं तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। राजधानी भोपाल में कल तिरगा यात्रा निकाली गई। खंडवा में तिरंगा यात्रा निकाली गई और तिरंगा मेला आयोजित किया गया। पंधाना में तिरंगा रैली निकाली गई। बालाघाट में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 123 बटालियन द्वारा कल विशेष तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। हर घर तिरंगा अभियान'' में मुरैना जिले की नगर परिषद मेहगांव में कल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। नीमच में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नीमच कैम्प परिसर के सभी सरकारी आवासों और कार्यालयों में तिरंगा झंडा लगाया गया है। तिरंगा साइकिल रैली भी निकाली गई।

## राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा है कि अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को हमें खारिज करना होगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने समस्त देशवासियों को  स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उत्सव 140 करोड से अधिक देशवासियों के साथ अपने इस महान देश का हिस्सा होने की हमारी खुशी को अभिव्यक्त  करता है। राष्ट्रंपति ने कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च  प्राथमिकता है। उन्होंने संविधान निर्माता डॉक्टार बी आर आम्बेडकर को उदृत करते हुए कहा कि हमें राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जबतक उसका आधार सामाजिक लोकतंत्र न हो। राष्ट्रपति ने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों और समाज के निचले तबके के लोगों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

## प्रदेष–तवा जलाषय–रामसर

प्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में मान्यता मिली है। इससे देश में रामसर साइट की सूची 82 से बढ़कर 85 हो गई है। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने ट्वीट में बधाई देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के तवा जलाशय को रामसर साइट के रूप में जोड़ा गया है। पर्यावरण मंत्री राम निवास रावत ने भी अधिकारियों की टीम को बधाई दी है। तवा जलाशय, तवा और देनवा नदियों के संगम पर है। तवा की प्रमुख सहायक नदियाँ मलानी, सोनभद्र, और नागद्वारी हैं। तवा नदी महादेव पहाड़ियों से उत्पन्न होती है, बैतूल जिले से बहती है और नर्मदापुरम जिले में नर्मदा नदी से मिलती है।

जलाषय जल जीवों और वन्य जीवों के लिए महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से पक्षियों और जंगली जानवरों के लिए। यहाँ कई दुर्लभ और संकटग्रस्त पौधों, सरीसृपों और कीटों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह स्थानीय और प्रवासी पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवास है। भारत ने 1971 में ईरान के रामसर में कन्वेंशन में सहभागी बनने के लिए हस्ताक्षर किए थे और 1 फरवरी 1982 को इस कन्वेंशन में शामिल हुआ। वर्ष 1982 से 2013 तक, कुल 26 साइट्स को रामसर साइट्स की सूची में जोड़ा गया, जबकि 2014 से 2024 तक, देश ने 59 नई वेटलैंडस को रामसर साइट्स की सूची में जोड़ा है।

राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के एक सौ तीन कर्मियों के लिए वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इनमें चार कीर्ति चक्र हैं जिसमें से तीन मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। 18 शौर्य चक्र पुरस्कारों में से चार मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। पुरस्कारों में 63 सेना वीरता पदक हैं, जिनमें से दो मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। 11 नौसेना वीरता पदक और छह वायु सेना वीरता पदक भी दिये जाएंगे। मध्यप्रदेश पुलिस के 12 अधिकारी व कर्मचारियों को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 4 मुठभेड़ों में साहस तथा सूझबूझ का प्रदर्शन कर 6 नक्सलियों को धराशायी करने के फलस्वरूप "वीरता पदक" से 11 अधिकारियों/कर्मचारियों को व एक अन्य प्रकरण में एक अन्य अधिकारी को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के 4 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 14 को सराहनीय सेवा पदक देने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना ने पदक से सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

शिवराज–एनपीएसएस

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। कृषि और किसान कल्याण विभाग की यह डिजिटल पहल समय पर और सटीक कीट प्रबंधन सलाह देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करती है। कृषि मंत्रालय ने खेती के नायकों को सम्मानित करने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में एक हजार से अधिक किसानों को आमंत्रित किया है। श्री चौहान विशेष आमंत्रित अतिथियों से संवाद करेंगे। इन किसानों में पीएम–किसान सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी और किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में एक दिवसीय रोजगार मेले में कल 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। कुल 291 पंजीयन हुए थे, जिनमें से 184 आवेदकों का रोजगार के लिए चयन हुआ।
- सीआरपीएफ नीमच के ग्रुप केन्द्र के 57वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- खण्डवा जिले के बलड़ी विकासखंड के ग्राम लछोरामाल में पोषणम परियोजना के तहत कल पौष्टिक आहार मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- बालाघाट जिले में राजस्व महाअभियान–2.0 में जिले की रैंकिंग की स्थिति संतोषजनक नही होने पर तीस पटवारियों की एक–एक वेतनवृद्धि रोकी गई है।

..................................